प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन और झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन कल दाखिल करेंगे अपना नामांकन, दोनों पार्टियों ने किया जीत का दावा।
2. उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही घाटशिला उपचुनाव की सरगर्मी तेज, भाजपा ने किया बूथ स्तरीय सम्मेलन, झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन खुद संभालेंगे कमान।
3. केन्द्र सरकार के नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति, इस वर्ष 800 से ज्यादा नक्सली हुए गिरफ्तार, 312 मारे गये, 16 सौ से अधिक ने किया समर्पण।
4. वन भूमि घोटाला मामले में एसीबी ने की बड़ी कार्रवाई, हजारीबाग के पूर्व सीओ शैलेश कुमार गिरफ्तार, कारोबारी विनय सिंह को रिमांड पर लेगी जांच एजेंसी, पत्नी से भी होगी पूछताछ।
5. इप्सोवा का तीन दिवसीय दीवाली मेला आज से, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्‌घाटन।

****

घाटशिला उपचुनाव के लिए भाजपा और झामुमो दोनों ने अपने–अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने जहां पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को अपना उम्मीदवार बनाया है तो वहीं झामुमो ने दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को टिकट दिया है। दोनों पार्टियों के उम्मीदवार कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

****

उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। इसी क्रम में घाटशिला के गालूडीह में भाजपा की ओर से बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू और पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दावा किया कि इस बार घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी।

****

इधर, झामुमो भी घाटशिला में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है। कल पार्टी प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष भी शामिल होंगे। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि चुनाव की कमान हेमंत सोरेन खुद संभालेंगे। उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन की वोटों के बड़े अंतर से जीत होगी।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर ही वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिले हैं। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये आंकड़े नरेन्द्र मोदी सरकार के नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष 800 से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं, जबकि 312 वामपंथी उग्रवादियों को मार गिराया गया है। 16 सौ से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में पंचायती राज विभाग के उपनिदेशक शैलेश कुमार को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। वन भूमि घोटाले के समय वे हजारीबाग जिले में सदर सीओ के पद पर पदस्थापित थे। जांच एजेंसी वन भूमि घोटाले में गिरफ्तार हो चुके कारोबारी विनय कुमार सिंह को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने वाली है। एसीबी ने इस केस में विनय कुमार सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीएसटी सुधारों से पूरे देश को लाभ हो रहा है। इन सुधारों से हरियाणा की अर्थव्यवस्था को भी काफी बढ़ावा मिला है।

****

गढ़वा जिले में सामाजिक कुरीतियों की वजह से बढ़ते अपराधों को रोकने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले में अफीम की खेती रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कुचाई प्रखंड के एसएस हाई स्कूल के छात्रावास परिसर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नीतिश कुमार और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत भी शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयंसेवी अभियानों के माध्यम से इस कुरीति का उन्मूलन करें और वैकल्पिक खेती अपनायें।

****

इंडियन पुलिस सर्विस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन– इप्सोवा का दिवाली मेला आज से शुरु हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन दोपहर एक बजे इसका उदघाटन करेंगे। इप्सोवा के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मेला बेहद खास होगा। इस तीन दिवसीय मेले में सांस्कृतिक, सामाजिक और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

****

राज्य में मौसम अगले पांच दिनों तक लगभग शुष्क बना रहेगा। मौसम केंद्र, रांची के अनुसार 19 अक्टूबर तक राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्सों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, जबकि उत्तरी झारखंड में आसमान साफ रहेगा।

****

स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता रांची में शुरु हो गयी है। पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

****

और अब अख़बारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने घाटशिला उपचुनाव के लिए भाजपा और झामुमो की ओर से प्रत्याशी की घोषणा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है–रांची में धनतेरस के लिए चांदी के सिक्के की बुकिंग बंद।
- हिन्दुस्तान इसरो चीफ के हवाले से लिखता है– भारत 2031 तक तीसरी अर्थव्यवस्था।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– अपराधियों ने दिनदहाड़े दुकान में घुसकर व्यवसायी को गोली मारी, हालत गंभीर।
- दैनिक जागरण के शब्द हैं– रांची में फेल हुए तो रामगढ़ में सेंटर बना कराया पास।

****